Adda247 GET IT ON Google Play

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी ई एन - 06/2025 - CEN - 06/2025

## एनटीपीसी (स्नातक स्तर) की भर्ती / Recruitment of NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 25/03/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC GRADUATE CBT 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC GRADUATE CBT 1**

**Q.1** 16 + 18 ÷ 6 - 3 × 4 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 10
✓ B. 7
✗ C. 9
✗ D. 6

**Q.2** समरूप त्रिभुजों ΔABC और ΔPQR का क्षेत्रफल क्रमशः 432 $cm^2$ और 588 $cm^2$ है। यदि ΔPQR की सबसे लंबी भुजा PR, 56 cm है, तो ΔABC की सबसे लंबी भुजा AC ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 52 cm
✓ B. 48 cm
✗ C. 24 cm
✗ D. 35 cm

**Q.3** दिसंबर 2025 में, AIIMS दिल्ली द्वारा ग्रासरूट (GRASSROOT) परीक्षण के तहत किस उन्नत ब्रेन स्टेंट का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था?

Ans
✗ A. ओन्कोमार्क (OncoMark)
✗ B. दा विंची (da Vinci)
✓ C. सुपरनोवा स्टेंट (Supernova stent)
✗ D. विक्रम-I (Vikram-I)

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सा ऑपरेशन, सही तरीके से काम करने के लिए एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर के स्थान पर सिस्टम सॉफ्टवेयर पर विशेष रूप से निर्भर करता है?

Ans
✗ A. प्रेजेंटेशन फाइल को डिज़ाइन करना
✓ B. प्रोग्रामों को मेमोरी आवंटित (Allocate) करना
✗ C. डिजिटल फोटो फाइल को मॉडिफाई करना
✗ D. सिस्टम पर ऑडियो या वीडियो फाइल को प्ले (Play) करना

**Q.5** दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

33 40 54 75 103 ?

Ans
✗ A. 134
✗ B. 136
✓ C. 138
✗ D. 135

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

**Q.6** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्क पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए, भले ही यह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
सभी बिल्लियां, कुत्ते हैं। कुछ बिल्लियां, बाघ हैं। कोई भी बाघ, शेर नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ कुत्ते, बाघ हैं।
(II) कोई भी बिल्ली, शेर नहीं है।

**Ans**
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✓ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

**Q.7** भारतीय संविधान का अनुच्छेद 243V, किस प्रकार के निकाय में सदस्यता के लिए अयोग्यता पर लागू होता है?

**Ans**
- ✓ A. नगर पालिका
- ✗ B. जिला परिषद
- ✗ C. पंचायत
- ✗ D. राज्य विधानमंडल

**Q.8** दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य पहली संख्या का 21 गुना है और दोनों संख्याओं का महत्तम समापवर्तक दो अंकों की एक अभाज्य संख्या है। दूसरी संख्या का न्यूनतम संभावित मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 231
- ✗ B. 147
- ✗ C. 273
- ✗ D. 357

**Q.9** सात व्यक्ति F, G, H, I, V, W और X एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। I, G के दाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। I और F के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G और V के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। H, W के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। X के बाएँ चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans**
- ✓ A. H
- ✗ B. I
- ✗ C. W
- ✗ D. F

**Q.10** दो क्रमागत प्राकृत संख्याओं का गुणनफल 380 है। दोनों संख्याओं में से बड़ी संख्या कौन-सी है?

**Ans**
- ✗ A. 24
- ✗ B. 14
- ✗ C. 12
- ✓ D. 20

**Q.11** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न "?" को प्रतिस्थापित करेगा?
ERW 7, CPU 15, ANS 23, YLQ 31, ?

**Ans**
- ✗ A. XJN 40
- ✓ B. WJO 39
- ✗ C. VIN 39
- ✗ D. WIM 38

Adda247

Q.12 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।
1. अनुच्छेद 13 संविधान-पूर्व और संविधान-पश्चात दोनों कानूनों की न्यायिक समीक्षा का प्रावधान करता है।
2. अनुच्छेद 13 यह घोषित करता है कि मौलिक अधिकारों के विपरीत या उनका उल्लंघन करने वाले सभी कानून अकृत और शून्य होंगे।
उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही कथन है/हैं?

Ans
- ✗ A. केवल 2
- ✗ B. न तो 1 और न ही 2
- ✗ C. केवल 1
- ✓ D. 1 और 2 दोनों

Q.13 उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित है जिस प्रकार दिए गए सेटों की संख्याएं संबंधित है।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(16, 6, 111)
(9, 14, 141)

Ans
- ✓ A. (13, 10, 145)
- ✗ B. (15, 12, 200)
- ✗ C. (12, 8, 96)
- ✗ D. (17, 8, 146)

Q.14 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर चुनें।
प्रश्न: पाँच व्यक्ति - पल्लवी, श्रेया, मोनिका, ऋतु और अलका - उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं।
बाएं छोर पर कौन बैठा है?
(I) श्रेया, पल्लवी के ठीक दाएं पड़ोस में बैठी है।
(II) मोनिका, श्रेया के ठीक दाएं पड़ोस में बैठी है, और ऋतु किसी भी छोर पर नहीं बैठी है।

Ans
- ✗ A. कथन II में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
- ✗ B. कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
- ✗ C. कथन I में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
- ✓ D. प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त हैं (केवल कथन I या केवल कथन II नहीं)

Q.15 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D + F ÷ G x H – J' है, तो D का J से क्या संबंध है?

Ans
- ✓ A. भाई की पत्नी की बहन
- ✗ B. भाई की पत्नी की माता
- ✗ C. पत्नी की बहन
- ✗ D. पत्नी की माता

Q.16 कौन-सा वर्गीकरण क्रमादेश अनुवाद ( program translation) में भूमिका के आधार पर एक कम्पाइलर (compiler) को सर्वोत्तम ढंग से व्याख्यायित करता है?

Ans
- ✓ A. सिस्टम सॉफ़्टवेयर, क्योंकि यह OS निष्पादन के लिए कोड को परिवर्तित करता है।
- ✗ B. एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर क्योंकि यह प्रलेखों को संपादित करता है।
- ✗ C. एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर क्योंकि उपयोगकर्ता इसे हस्त प्रचालित रूप से प्रारंभ करते हैं।
- ✗ D. यह एक हार्डवेयर संक्षेपण स्तर है।

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.17 ब्रंटलैंड (Brundtland) आयोग (1987) की निम्नलिखित में से किस रिपोर्ट ने सतत विकास की अवधारणा को परिभाषित किया था?

Ans
- ✗ A. साइलेंट स्प्रिंग (Silent Spring)
- ✓ B. अवर कॉमन फ्यूचर (Our Common Future)
- ✗ C. लिमिट्स टू ग्रोथ (Limits to Growth)
- ✗ D. एजेंडा 21 (Agenda 21)

Q.18 निम्नलिखित रैखिक समीकरणों के निकाय का हल ज्ञात कीजिए।

2x + y + z = 25
x − 3y + 2z = 0
y − z = 6

Ans
- ✗ A. $x = \frac{-17}{4}, y = \frac{55}{4}, z = \frac{7}{4}$
- ✓ B. $x = \frac{55}{4}, y = \frac{7}{4}, z = \frac{-17}{4}$
- ✗ C. $x = \frac{7}{4}, y = \frac{55}{4}, z = \frac{-17}{4}$
- ✗ D. $x = \frac{55}{4}, y = \frac{-17}{4}, z = \frac{7}{4}$

Q.19 कितने वर्षों में ₹8,400 पर 5% वार्षिक ब्याज दर से ₹840 साधारण ब्याज प्राप्त होगा?

Ans
- ✗ A. 1
- ✓ B. 2
- ✗ C. 3
- ✗ D. 4

Q.20 एक कार, A से B तक की दूरी का $\frac{1}{5}$ भाग 8 km/h की चाल से, $\frac{1}{10}$ भाग 25 km/h की चाल से और शेष भाग 20 km/h की चाल से तय करती है। संपूर्ण यात्रा की औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 17.225 km/h
- ✗ B. 12.625 km/h
- ✓ C. 15.625 km/h
- ✗ D. 14.225 km/h

Q.21 किसी वस्तु की कुल यांत्रिक ऊर्जा किन दो प्रकार की ऊर्जाओं से मिलकर बनती है?

Ans
- ✗ A. प्रकाश और ऊष्मा ऊर्जा
- ✗ B. ऊष्मा और ध्वनि ऊर्जा
- ✓ C. स्थितिज और गतिज ऊर्जा
- ✗ D. विद्युत और रासायनिक ऊर्जा

Q.22 एक दुकानदार ने 60 दर्जन वस्तुएं ₹474 प्रति दर्जन की दर से खरीदीं। उसने प्रत्येक वस्तु ₹79 की दर से बेची। उसे कितने प्रतिशत लाभ हुआ?

Ans
- ✗ A. 101%
- ✗ B. 99%
- ✗ C. 102%
- ✓ D. 100%

| | | |
|---|---|---|
| Q.23 | अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस समूह से संबंधित नहीं है?<br>(नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) | |
| Ans | ✗ A. ST-VW<br>✗ B. GH-JK<br>✓ C. DE-FG<br>✗ D. MN-PQ | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.24 | एक टाइपिस्ट को 10 पेज टाइप करने में 40 मिनट लगते हैं। वह 88 मिनट में कितने पेज टाइप करेगा? | |
| Ans | ✓ A. 22<br>✗ B. 24<br>✗ C. 23<br>✗ D. 21 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.25 | 30 जून 2024 तक की स्थिति के अनुसार भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची के अंतर्गत सूचीबद्ध भाषाओं की कुल संख्या कितनी है? | |
| Ans | ✗ A. 26<br>✓ B. 22<br>✗ C. 20<br>✗ D. 16 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.26 | A और B एक काम को 22 दिनों में पूरा करते हैं। यदि A अकेले उस काम को 44 दिनों में कर सकता है, तो B अकेले उसी काम का तीन-चौथाई भाग ______________ दिनों में कर सकता है। | |
| Ans | ✗ A. 99<br>✗ B. 66<br>✓ C. 33<br>✗ D. 132 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.27 | GST परिषद के निर्णयन की प्रक्रिया में, केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच मतदान शक्ति का वितरण कैसे होता है? | |
| Ans | ✗ A. अकेले राज्य = 1, केंद्र = 0<br>✗ B. केंद्र = 1/2, राज्य = 1/2<br>✗ C. केंद्र = 2/3, राज्य = 1/3<br>✓ D. केंद्र = 1/3, राज्य = 2/3 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.28 | सितंबर 2025 में जारी 'NIRF रैंकिंग 2025 (NIRF Rankings 2025)' के अनुसार, किस संस्थान ने समग्र श्रेणी में शीर्ष स्थान प्राप्त किया? | |
| Ans | ✗ A. AIIMS, दिल्ली<br>✓ B. IIT मद्रास<br>✗ C. IIT बॉम्बे<br>✗ D. IISc बेंगलुरु | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.29 | यदि $a = \frac{3+\sqrt{5}}{3-\sqrt{5}}$ और $b = \frac{3-\sqrt{5}}{3+\sqrt{5}}$ है, तो $a^2 + b^2 + 3ab$ का मान ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ A. 78<br>✗ B. 98<br>✓ C. 50<br>✗ D. 42 | |

Q.30 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक समान हैं तथा इस प्रकार एक ग्रुप का निर्माण करते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✔ A. NR-OU
- ✘ B. FJ-IM
- ✘ C. CG-FJ
- ✘ D. AE-DH

Q.31 निम्नलिखित बंटन का माध्य ज्ञात कीजिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अंक | 11 | 34 | 51 | 62 | 98 |
| विद्यार्थियों की संख्या | 57 | 23 | 95 | 14 | 96 |

Ans
- ✘ A. 44
- ✔ B. 58
- ✘ C. 64
- ✘ D. 79

Q.32 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।
कथन:
सभी हर्ब, प्लांट हैं। कुछ प्लांट, मेडिसिन हैं। कोई भी मेडिसिन, केमिकल नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई भी हर्ब, केमिकल नहीं है।
(II) कुछ मेडिसिन, हर्ब हैं।

Ans
- ✔ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✘ B. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✘ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✘ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.33 वर्ष 2025 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव द्वारा शुरू की गई UN80 पहल का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✘ A. वैश्विक पर्यटन को बढ़ावा देना
- ✘ B. एक नई वैश्विक मुद्रा निर्मित करना
- ✔ C. संयुक्त राष्ट्र के भीतर दक्षता और लागत-प्रभावशीलता में सुधार करना
- ✘ D. संघर्ष क्षेत्रों में सैन्य उपस्थिति का विस्तार करना

Q.34 यदि किसी भिन्न $\frac{a}{b}$ के अंश और हर दोनों में से 2 घटाया जाता है, तो वह $\frac{1}{4}$ हो जाती है। यदि मूल भिन्न के अंश में 17 जोड़ा जाता है और हर में 8 जोड़ा जाता है, तो भिन्न $\frac{7}{7}$ हो जाती है। $(4a - b)$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 4
- ✔ B. 6
- ✘ C. 3
- ✘ D. 7

Q.35 मई के अंत तक उत्तर भारत में मानसून गर्त के तीव्र हो जाने का मुख्य कारण क्या है?

Ans
- ✘ A. आर्द्रता में कमी
- ✔ B. क्षेत्र में उच्च तापमान
- ✘ C. पवन के पैटर्न में परिवर्तन
- ✘ D. वायुमंडलीय दाब में वृद्धि

Adda247

**Q.36** 1990-91 के भुगतान संतुलन संकट के दौरान, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार केवल ________ के आयात के वित्तपोषण के लिए पर्याप्त था।

Ans
- ✔ A. दो सप्ताह
- ✘ B. एक सप्ताह
- ✘ C. एक माह
- ✘ D. तीन माह

**Q.37** सरल कीजिए:

$$25 - 5.6 \div 7 + 1.6 \times 0.5$$

Ans
- ✘ A. 0
- ✔ B. 25
- ✘ C. 5.6
- ✘ D. 23.4

**Q.38** यदि 11, 13, 15, 17,...., 71 का मानक विचलन m है, तो m का समाकल भाग (integral part) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 13
- ✘ B. 18
- ✔ C. 17
- ✘ D. 16

**Q.39** पृथ्वी के भीतर लगभग कितनी गहराई पर मैंटल और क्रोड के बीच की सीमा स्थित है?

Ans
- ✔ A. 2,900 km
- ✘ B. 1,900 km
- ✘ C. 3,900 km
- ✘ D. 4,900 km

**Q.40** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : OYG :: TDL : %

Ans
- ✔ A. # = GQY % = BLT
- ✘ B. # = GOY % = BLT
- ✘ C. # = GQY % = BLI
- ✘ D. # = GQY % = OLT

**Q.41** दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

15 19 27 39 55 ?

Ans
- ✘ A. 74
- ✔ B. 75
- ✘ C. 72
- ✘ D. 76

**Q.42** यदि संख्या 54672139 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में बाईं ओर से तीसरे और दाईं ओर से दूसरे अंक का योग क्या होगा?

Ans
- ✘ A. 9
- ✔ B. 10
- ✘ C. 12
- ✘ D. 11

Adda247

| | | |
|---|---|---|
| Q.43 | एक बेलनाकार छड़ का बाह्य वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 1300 $cm^2$ है। यदि छड़ की लंबाई 60 cm है, तो छड़ की बाह्य त्रिज्या (cm में, दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ मानिए) | |
| Ans | ✗ A. 1.88<br>✗ B. 1.02<br>✗ C. 3.48<br>✓ D. 3.45 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.44 | A, B, C, D, E और F एक ही भवन के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। भवन में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है।<br>C के नीचे केवल चार व्यक्ति रहते हैं। F के ऊपर केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। A, E के ठीक नीचे वाले तल पर रहता है। D, B के ऊपर नहीं रहता है।<br>E के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं? | |
| Ans | ✗ A. दो<br>✗ B. तीन<br>✓ C. एक<br>✗ D. चार | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.45 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>10 C 20 A 2 D 3 B 5 = ? | |
| Ans | ✗ A. 4<br>✓ B. 5<br>✗ C. 6<br>✗ D. 3 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.46 | समूह A में 42 सदस्य, समूह B में 31 सदस्य और समूह C में 32 सदस्य हैं। इन समूहों के सभी सदस्य एक रेस्टोरेंट में गए। समूह A, B और C के प्रत्येक सदस्य पर खर्च की गई औसत राशि क्रमशः ₹335, ₹103 और ₹271 है। प्रति सदस्य खर्च की गई कुल औसत राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ A. 248<br>✓ B. 247<br>✗ C. 242<br>✗ D. 249 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.47 | किस मुगल दरबार के इतिहासकार ने अकबरनामा लिखा था, जो सम्राट अकबर के शासनकाल का आधिकारिक इतिहास है? | |
| Ans | ✗ A. जियाउद्दीन बरनी<br>✗ B. मिन्हाज-ए-सिराज<br>✗ C. फेरिश्ता<br>✓ D. अबुल फजल | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.48 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'RUST' को '3519' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TEAM' को '8645' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'T' के लिए कूट क्या है? | |
| Ans | ✗ A. 9<br>✓ B. 5<br>✗ C. 8<br>✗ D. 4 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.49 | पंडित हरिप्रसाद चौरसिया को भारतीय संगीत में उनके योगदान के लिए 1992 में कौन-सा पुरस्कार प्राप्त हुआ था? | |
| Ans | ✗ A. पद्म विभूषण<br>✓ B. पद्म भूषण<br>✗ C. पद्मश्री<br>✗ D. महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.50 | जब प्रकाश एक पारदर्शी माध्यम से दूसरे पारदर्शी माध्यम में प्रवेश करता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सी परिघटना होती है? | |
| Ans | ✓ A. अपवर्तन<br>✗ B. विवर्तन<br>✗ C. प्रकीर्णन<br>✗ D. परावर्तन | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.51 | $\frac{2\tan 30^\circ}{1 + \tan^2 30^\circ}$ का मान ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ A. cos 45°<br>✗ B. cos 90°<br>✗ C. cos 60°<br>✓ D. cos 30° | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.52 | भीमबेटका पुरापाषाणकालीन स्थल भारत की किस नदी घाटी के निकट स्थित है? | |
| Ans | ✓ A. नर्मदा<br>✗ B. सतलुज<br>✗ C. यमुना<br>✗ D. गंगा | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.53 | 97वें संविधान संशोधन ने निम्नलिखित में से किसे संवैधानिक दर्जा प्रदान किया? | |
| Ans | ✓ A. सहकारी समितियाँ<br>✗ B. महानगर परिषदें<br>✗ C. बाजार नियामक बोर्ड<br>✗ D. जिला योजना समितियाँ | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.54 | अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से COLD का संबंध GQHB से है। उसी प्रकार, KSDZ का संबंध OUZX से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, SWVV का संबंध निम्न में से किससे है? | |
| Ans | ✗ A. XZSU<br>✗ B. UYSS<br>✗ C. VXQS<br>✓ D. WYRT | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.55 | A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। B एक अभाज्य क्रमांक वाले तल पर रहता है। B और F जिन तलों पर रहते हैं उन तल क्रमांकों का गुणनफल 3 है। C के ऊपर केवल 2 व्यक्ति रहते हैं। A, E के ठीक नीचे रहता है। A के ऊपर कितने व्यक्ति रहते हैं? | |
| Ans | ✗ A. दो<br>✗ B. तीन<br>✓ C. एक<br>✗ D. चार | |

Q.56 किरण का मासिक वेतन ₹18000 है। वह मकान किराए पर ₹5000, बिलों पर ₹3000 खर्च करती है और शेष राशि उसकी मासिक बचत है। यदि वह अपने जन्मदिन के महीने में अपनी पूरी मासिक बचत जन्मदिन मनाने में खर्च कर देती है, तो एक वर्ष में उसकी बचत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 120000
- ✓ B. 110000
- ✗ C. 100000
- ✗ D. 90000

Q.57 2025 में, किस राज्य सरकार ने बैनरघट्टा राष्ट्रीय उद्यान के आसपास एक नया पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र (eco-sensitive zone) बनाने की घोषणा की?

Ans
- ✗ A. केरल
- ✗ B. मध्य प्रदेश
- ✓ C. कर्नाटक
- ✗ D. गुजरात

Q.58 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'HOUR' को '3867' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है तथा 'HURT' को '5836' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' का कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 3
- ✗ B. 6
- ✗ C. 8
- ✓ D. 5

Q.59 अरविंद बिंदु A से शुरू करके पूर्व की ओर 25 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 10 km ड्राइव करता है, बाएं मुड़ता है और 20 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह बाएं मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है, 12 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans
- ✓ A. 33 km, पश्चिम की ओर
- ✗ B. 10 km, दक्षिण की ओर
- ✗ C. 20 km, उत्तर की ओर
- ✗ D. 25 km, पूर्व की ओर

Q.60 m का वह मान ज्ञात कीजिए, जो निम्न समीकरण को संतुलित करेगा।

$$\left(\frac{12}{9}\right)^{19} \times \left(\frac{9}{12}\right)^{5} \times \left(\frac{12}{9}\right)^{8} = \left(\frac{9}{12}\right)^{6m+11}$$

Ans
- ✓ A. $-\frac{33}{6}$
- ✗ B. $-\frac{35}{6}$
- ✗ C. $-\frac{37}{6}$
- ✗ D. $-\frac{34}{6}$

Q.61 x के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?

2.8 : 3.8 : : x : 5.7

Ans
- ✗ A. 4.8
- ✓ B. 4.2
- ✗ C. 3.6
- ✗ D. 5.1

Adda247

Q.62 7.2 और 20 के बीच माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 11
- ✗ B. 8
- ✓ C. 12
- ✗ D. 10

Q.63 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, सर्वोच्च न्यायालय को उसके द्वारा सुनाए गए किसी भी निर्णय या दिए गए आदेश के पुनर्विलोकन का अधिकार देता है?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 141
- ✗ B. अनुच्छेद 145
- ✓ C. अनुच्छेद 137
- ✗ D. अनुच्छेद 136

Q.64 एक निश्चित तरीके से KD 15 का संबंध PI 12 से है। उसी प्रकार, NG 20 का संबंध SL 17 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, QJ 26 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. VM 23
- ✗ B. VN 24
- ✗ C. UO 24
- ✓ D. VO 23

Q.65 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'L # N – C # V x E' है, तो L का E से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पुत्री का पुत्र
- ✗ B. भाई की पुत्री
- ✗ C. पिता की माता
- ✓ D. पुत्र की पुत्री

Q.66 S, T, U, V, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E के दाएं से गिनती करने पर E और F के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F और T के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E और U के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। S, V के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। G के बाएं से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. S
- ✓ B. V
- ✗ C. U
- ✗ D. F

Q.67 X, Y, Z, A, B, C और D, में से प्रत्येक का साक्षात्कार सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। C का साक्षात्कार सप्ताह के अंतिम दिन है। Y का साक्षात्कार सप्ताह के पहले दिन है। Y और D के बीच केवल तीन व्यक्तियों का साक्षात्कार है। D और Z के बीच केवल एक व्यक्ति का साक्षात्कार है। X का साक्षात्कार B के बाद किसी दिन लेकिन A से पहले किसी दिन है। गुरुवार को किसका साक्षात्कार है?

Ans
- ✗ A. B
- ✗ B. D
- ✓ C. X
- ✗ D. A

Adda247

Adda247 | GET IT ON Google Play

| | | |
|---|---|---|
| **Q.68** | नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके तीसरी संख्या प्राप्त की गई है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त की गई हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में वर्णित संक्रियाओं के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?<br>(नोट: दो/तीन अंकों वाली संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3 + 7 नहीं हो सकती है, क्योंकि दो अंकों वाली संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है)<br><br>50 – 10 – 5 – 15 ; 200 – 40 – 20 – 30 |
| **Ans** | ✗ A. 100 – 20 – 40 – 60<br>✗ B. 160 – 40 – 20 – 30<br>✓ C. 400 – 80 – 40 – 50<br>✗ D. 120 – 60 – 30 – 40 |

| | |
|---|---|
| **Q.69** | निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है<br><br>(बाएँ) @ L € F J £ E # N K # * R P * D # X T * G N (दाएँ)<br><br>ऐसे कितने अक्षर हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है? |
| **Ans** | ✓ A. 4<br>✗ B. 6<br>✗ C. 3<br>✗ D. 5 |

| | |
|---|---|
| **Q.70** | भारत में चाय की कृषि मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में संकेंद्रित है? |
| **Ans** | ✓ A. उत्तर-पूर्वी पहाड़ियाँ<br>✗ B. मध्य पठार<br>✗ C. थार मरुस्थल<br>✗ D. अरावली पहाड़ियाँ |

| | |
|---|---|
| **Q.71** | एल. एम. सिंघवी (L. M. Singhvi) के अनुसार, राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों को क्या माना जाता है? |
| **Ans** | ✗ A. मौलिक अधिकार<br>✗ B. कानूनी अधिकार<br>✗ C. नैतिक अधिकार<br>✓ D. संविधान के जीवनदायी प्रावधान |

| | |
|---|---|
| **Q.72** | एक दुकानदार किसी वस्तु का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 150% अधिक निर्धारित करता है। 20% का लाभ अर्जित करने के लिए अंकित मूल्य पर कितने प्रतिशत की छूट दी जानी चाहिए? |
| **Ans** | ✗ A. 55%<br>✗ B. 49%<br>✗ C. 54%<br>✓ D. 52% |

| | |
|---|---|
| **Q.73** | अक्टूबर 2025 में आयोजित होने वाले 47वें आसियान (ASEAN) शिखर सम्मेलन में मुख्यत: निम्नलिखित में से किन मुद्दों पर फोकस किया गया था? |
| **Ans** | ✗ A. डिजिटल परिवर्तन<br>✓ B. समावेशिता और संधारणीयता<br>✗ C. खाद्य सुरक्षा<br>✗ D. व्यापार शुल्क |

Q.74 महात्मा गांधी ने किस वर्ष दांडी में नमक अधिनियम (Salt Act) तोड़ा था?

Ans
- ✗ A. 1931
- ✓ B. 1930
- ✗ C. 1928
- ✗ D. 1929

Q.75 विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम में, यदि config.ini नामक एक फ़ाइल मुख्य ड्राइव के रूट डायरेक्टरी में है, तो इस फ़ाइल को संदर्भित करने के लिए सही और पूर्ण एब्सोल्यूट पाथ (absolute path) क्या है?

Ans
- ✓ A. C:\config.ini
- ✗ B. \config.ini
- ✗ C. C:\Users\config.ini
- ✗ D. config.ini

Q.76 भुवनेश्वर में स्कूल ऑफ मिनरल्स, मेटलर्जिकल एंड मैटेरियल्स इंजीनियरिंग (SMMME) की स्थापना निम्नलिखित में से किस वर्ष हुई थी?

Ans
- ✓ A. 2012
- ✗ B. 1984
- ✗ C. 1995
- ✗ D. 2002

Q.77 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।

(बाएँ) £ D € U B & @ % © K C # T $ @ A # E D % * C (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में भी एक अक्षर है?

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 4
- ✗ C. 5
- ✓ D. 3

Q.78 निम्नलिखित में से कौन-सा, भारतीय अर्थव्यवस्था पर वैश्वीकरण का प्रभाव नहीं है?

Ans
- ✗ A. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) को उदार बनाया गया
- ✓ B. अर्थव्यवस्था की स्थिरता के लिए विदेशी संस्थागत निवेशों को अधिक प्रतिबंधित करना
- ✗ C. रुपये की आंशिक संपरिवर्तनीयता प्रणाली की शुरुआत
- ✗ D. जुलाई, 1991 में रुपये का दो चरणों में लगभग बीस प्रतिशत अवमूल्यन

Q.79 निम्नलिखित में से कौन-सा भारत के लघु औद्योगिक क्षेत्र का उदाहरण है?

Ans
- ✗ A. गुजरात क्षेत्र
- ✗ B. हुगली क्षेत्र
- ✓ C. ब्रह्मपुत्र घाटी
- ✗ D. छोटा नागपुर क्षेत्र

Q.80 प्रारंभिक वैदिक समाज में 'गोपति' (gopati) शब्द का क्या अभिप्राय था?

Ans
- ✗ A. अनुष्ठान संपन्न कराने वाला पुरोहित
- ✗ B. युद्धों का नेतृत्व करने वाला योद्धा
- ✗ C. परिवार का मुखिया
- ✓ D. गायों की रक्षा करने वाला प्रधान

Q.81 लगभग पहली शताब्दी ईस्वी में संकलित, कौन-सा बौद्ध ग्रंथ बुद्ध के पिछले जीवन की कहानियों का वर्णन करता है?

Ans
- ✗ A. विनय पिटक
- ✓ B. जातक कथाएँ
- ✗ C. सुत्त पिटक
- ✗ D. धम्मपद

Q.82 6 भुजाओं वाले एक सम बहुभुज के सभी आंतरिक कोणों का योग ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 680°
- ✗ B. 760°
- ✓ C. 720°
- ✗ D. 600°

Q.83 वर्ष 1991-92 से वर्ष 1998-99 के दौरान, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) के अनुसार किस औद्योगिक क्षेत्र की औसत वार्षिक वृद्धि में स्पष्ट गिरावट दर्ज की गई?

Ans
- ✗ A. खनन और उत्खनन
- ✓ B. मूलभूत और पूंजीगत वस्तुएं
- ✗ C. विनिर्माण और इंजीनियरिंग
- ✗ D. बिजली और उपयोगिताएँ

Q.84 7 संख्याओं का औसत 47 है। यदि प्रत्येक संख्या से 7 कम कर दिया जाए, तो नया औसत कितना होगा?

Ans
- ✓ A. 40
- ✗ B. 7
- ✗ C. 33
- ✗ D. 47

Q.85 120 m लंबाई की एक ट्रेन 60 km/hr की चाल से चलते हुए उसी दिशा में 24 km/hr की चाल से चल रही दूसरी ट्रेन को 30 सेकंड में पार कर जाती है। दूसरी ट्रेन की लंबाई (m में) कितनी है?

Ans
- ✗ A. 225
- ✗ B. 200
- ✓ C. 180
- ✗ D. 250

Q.86 ऊष्मागतिक ताप को मापने के लिए प्रयुक्त SI मात्रक ___________ है।

Ans
- ✗ A. फ़ारेनहाइट (Fahrenheit)
- ✓ B. केल्विन (Kelvin)
- ✗ C. रैंकिन (Rankine)
- ✗ D. सेल्सियस (Celsius)

Q.87 ASCII के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✗ A. ASCII एक प्रकार का लोकल एरिया नेटवर्क है।
- ✗ B. ASCII का उपयोग CD में ऑडियो स्टोर करने के लिए किया जाता है।
- ✗ C. ASCII एक उच्च क्षमता वाला ऑप्टिकल डिस्क फॉर्मेट है।
- ✓ D. ASCII, संप्रतीकों को संख्यात्मक कोड का उपयोग करके निरूपित करता है।

Q.88 कई पादप चिपचिपा दूधिया तरल स्रावित करते हैं और इसका उपयोग अपने रक्षा तंत्र के लिए करते हैं। इस तरल को _________________ के रूप में जाना जाता है।

Ans
- ✗ A. एंजाइम (enzyme)
- ✗ B. पादप हॉर्मोन (plant hormone)
- ✓ C. लैटेक्स (latex)
- ✗ D. कोशिका रस (cell sap)

Adda247

Q.89 नवंबर 2025 में, ओमान ने किस अंतरराष्ट्रीय परिषद में शामिल होकर वैश्विक पर्यावरण नेतृत्व में अपनी भूमिका को और मजबूत किया?

Ans
- ✗ A. UNEP शासी परिषद (UNEP Governing Council)
- ✗ B. UNESCO विश्व धरोहर समिति (UNESCO World Heritage Committee)
- ✗ C. IUCN परिषद (IUCN Council)
- ✓ D. UNESCO मानव और जीवमंडल परिषद (UNESCO Man and the Biosphere Council)

Q.90 हरिशिका ने ₹200 में एक वस्तु खरीदी और उसे ऋतु को 30% की हानि पर बेच दिया। प्राप्त राशि से हरिशिका ने एक और वस्तु खरीदी और उसे 75% के लाभ पर बेच दिया। हरिशिका का समग्र लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 22.5%
- ✗ B. 24.5%
- ✗ C. 17.5%
- ✗ D. 19.4%

Q.91 एक वृत्तीय पाइप जिसका आंतरिक व्यास 2 cm है, इससे 4 मीटर प्रति सेकंड की दर से जल प्रवाहित होकर एक बेलनाकार टंकी में जाता है, जिसके आधार की त्रिज्या 80 cm है। 24 मिनट में जल का स्तर कितना बढ़ जाएगा?

Ans
- ✓ A. 90 cm
- ✗ B. 91 cm
- ✗ C. 100 cm
- ✗ D. 96 cm

Q.92 भारत में "ब्लू वाटर पॉलिसी (Blue Water Policy)" लागू करने वाले पहले पुर्तगाली गवर्नर कौन थे?

Ans
- ✗ A. अल्फोंसो डी अल्बुकर्क (Alfonso de Albuquerque)
- ✓ B. फ्रांसिस्को डी अल्मेडा (Francisco de Almeida)
- ✗ C. वास्को डी गामा (Vasco da Gama)
- ✗ D. पेड्रो अल्वारेस कैब्रल (Pedro Álvares Cabral)

Q.93 यूरोप से पूर्णतः समुद्री मार्ग (all-sea route) की खोज करने के बाद वास्को डी गामा (Vasco da Gama) भारत में सर्वप्रथम निम्नलिखित में से किस शहर पहुंचा?

Ans
- ✗ A. दीव
- ✗ B. गोवा
- ✓ C. कालीकट
- ✗ D. सूरत

Q.94 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) A # G % C = + F * / D H : B - ? $ E ! I J (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद एक दूसरा अक्षर है?

Ans
- ✗ A. चार
- ✗ B. एक
- ✓ C. तीन
- ✗ D. दो

Adda247

Q.95 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, प्रश्न-चिह्न (?) को निम्नलिखित में से किस अक्षर-संख्या समूह द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए?

WTW 84 XUX 93 YVY 102 ZWZ 111 ?

Ans
- ✗ A. AYZ 120
- ✗ B. AWZ 119
- ✓ C. AXA 120
- ✗ D. AJT 119

Q.96 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(79, 235, 32)
(87, 225, 42)

Ans
- ✗ A. (88, 280, 34)
- ✗ B. (77, 235,32)
- ✗ C. (83, 290, 45)
- ✓ D. (93, 185, 56)

Q.97 अरुण के पास ₹1407 हैं। वह इस धनराशि को अपने दो बेटों, महेश और विजय के बीच विभाजित करता है, और उन्हें अपने-अपने हिस्सों को 10% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश करने के लिए कहता है जहां ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। यह पाया जाता है कि महेश के निवेश का मूल्य 12 वर्ष बाद उतना ही होता है जितना विजय के निवेश का मूल्य 13 वर्ष बाद होता है। अरुण ने विजय को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans
- ✓ A. 670
- ✗ B. 737
- ✗ C. 837
- ✗ D. 520

Q.98 दिसंबर 2025 में, किस संगठन ने भारत के कोच्चि में उच्च समुद्र संधि (High Seas Treaty - BBNJ) पर राष्ट्रीय हितधारक परामर्श की मेजबानी की थी?

Ans
- ✗ A. खाद्य एवं कृषि संगठन
- ✗ B. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
- ✓ C. केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान
- ✗ D. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद

Q.99 नरेंद्र मोदी द्वारा लिखित और 'द इमरजेंसी डायरीज़ – इयर्स दैट फॉर्ज्ड ए लीडर (The Emergency Diaries – Years That Forged a Leader)' शीर्षक से 2025 में प्रकाशित पुस्तक, भारतीय राजनीतिक इतिहास के निम्नलिखित में से किस कालावधि से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. 1962–1965
- ✓ B. 1975–1977
- ✗ C. 1969–1971
- ✗ D. 1989–1991

Q.100 एक गाँव की जनसंख्या 2,90,000 थी। पहले वर्ष में इसमें 10% और दूसरे वर्ष में 30% की वृद्धि हुई। दो वर्षों के बाद इसकी जनसंख्या _______ होगी।

Ans
- ✗ A. 4,06,000
- ✓ B. 4,14,700
- ✗ C. 3,19,000
- ✗ D. 3,77,000

"